Labour Commissioner of Delhi Administration in 1986 to verify the membership of the Trade Union functioning in that Corporation for granting the recognition;

(b) if so, whether Labour Commissioner has submitted his report in this regard;

(c) if so, the date of submission of report and what action has been taken by the management; and

(d) what are the details of the recommendations made by the Labour Commissioner and the action Government propose to take on these recommendations and by when?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR AND THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI RADHAKRISHAN MALAVIYA): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) According to information received from the Delhi Administration, the Labour Commissioner submitted his report on 28-10-1987 recommending the Delhi State Civil Supplies Corporation Employees Union for recognition. The matter has been placed before the Board of Directors of the Delhi State Civil Supplies Corporation for a decision.

**विज्ञापनों के माध्यम से दूरदर्शन की आय**

**2791. श्रीमती वीणा वर्मा : क्या सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन की आमदनी का मुख्य स्रोत विज्ञापन है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान विज्ञापनों के माध्यम से दूरदर्शन द्वारा अर्जित आय का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि वर्ष 1987 88 के दौरान दूरदर्शन विज्ञापनों से केवल 37 करोड रुपये की आय प्राप्त कर सका है; यदि हां, तो लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या नई विज्ञापन नीति के अन्तर्गत विज्ञापनदाताओं को 15 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है और क्या नई विज्ञापन नीति उद्भोक्तावाद को बढ़ावा दे रही है ?

**संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) :** (क) जी, हां। दूरदर्शन की आय का मुख्य स्रोत विज्ञापनों तथा प्रायोजित कार्यक्रमों से प्राप्त राजस्व है। विज्ञापनों तथा प्रायोजित कार्यक्रमों से दूरदर्शन द्वारा अर्जित किया गया कुल राजस्व वित्तीय वर्ष 1985-86, 1986-87 तथा 1987-88 में क्रमश: 60.2 करोड रुपये, 98 करोड़ रुपए तथा 136.3 करोड़ रुपए था।

(ख) जी, नहीं। वर्ष 1987-88 के दौरान दूरदर्शन द्वारा अर्जित किया गया कुल राजस्व 136.3 करोड़ रुपए था।

(ग) विज्ञापन समय, जो सामान्यत: उपयोग में नहीं आता, का उपयोग करने हेतु विज्ञापनदाताओं को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से वर्तमान दर कार्ड, पैकेज के लिए 25 से 33 प्रतिशत तक छूट प्रदान करता है अर्थात् उस श्रेणी के कार्यक्रमों के साथ विज्ञापनों की अधिक संख्या में बुकिंग करना जो अन्य किसी प्रकार से विज्ञापनों को आकर्षित नहीं करते। इस सुझाव का यह प्रमाण है कि यह छूट उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करती है।

**प्रचार माध्यम अध्ययन संबंधी राष्ट्रीय सर्वेक्षण**

**2792. श्री कपिल वर्मा : क्या सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान प्रचार माध्यम अध्ययन संबंधी राष्ट्रीय सर्वेक्षण द्वारा किए गए अध्ययन के संबंध में एक समाचार रिपोर्ट की ओर दिलाया गया है जिसके अनसार स्कूल जाने वाले 90 प्रतिशत बच्चे टेलीविजन के आदी हो